हर वर्ष 25 छात्रों को एक करोड़ की छात्रवृत्ति देगा आइआइएम रांची

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

- मेधावी व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मिलेगा मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति का लाभ

आइआइएम रांची सत्र 2023-24 से मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति की शुरुआत कर रहा है. इसके तहत प्रत्येक वर्ष 25 विद्यार्थियों को एक करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी जायेगी. यह छात्रवृत्ति सत्र में शामिल उन विद्यार्थियों को दी जायेगी, जो मेधावी व आर्थिक रूप से कमजोर हैं. विद्यार्थियों का चयन संस्था में संचालित एमबीए, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट और इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आइपीएम) कोर्स से किया जायेगा. निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक यात्रा को पूरा कर सकेंगे. छात्रवृत्ति योजना को आइआइएम रांची में स्ट्रैटेजिक प्लान 2030 के तहत शुरू किया जा रहा है. इसका लक्ष्य संस्थान को विश्व स्तर पर पहचान दिलाना है. छात्रवृत्ति का लाभ उन विद्यार्थियों को ही दिया जायेगा, जिनके अभिभावकों की आय सीमा न्यूनतम है. इसके अलावा छात्रवृत्ति योजना का लाभ संस्थान में पढ़ाई कर रहे दिव्यांग और एससी-एसटी छात्रों को भी दिया जायेगा.

Prabhat Khabar_18.05.2023_Pg. 10